# सीएसए का दीक्षांत 10 को, मुख्य अतिथि एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय होंगे



कानपुर, 4 जुलाई। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अट्ठाईसवें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने समारोह के मुख्य अतिथि एंबेसेडर इंद्रमणि पांडे के नाम को स्वीकृति प्रदान कर दी है। कुलाधिपति सचिवालय के विशेष कार्याधिकारी की ओर से जारी पत्र के अनुसार, विश्वविद्यालय का अट्ठाइसवा दीक्षांत समारोह 10 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को अपराह्न 2 बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में बंगाल की खाड़ी बहू क्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग पहला (बिम्सटेक) के महासचिव एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने कहा कि यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि एंबेसेडर पांडे ने काहिरा (मिस्र), दमिश्क (सीरिया), इस्लामाबाद (पाकिस्तान), काबुल (अफ़गानिस्तान) में भारतीय मिशनों और जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में निरस्त्रीकरण सम्मेलन में भारत के स्थायी मिशन में विभिन्न राजनयिक पदों पर भी काम किया है।

खिल खारिज हेतु आवेदन

खिल खारिज हेतु
स्तुत दस्तावेज

अमर उजाला 05/07/2026

# सीएसए के दीक्षांत में बिम्सटेक के महासचिव होंगे मुख्य अतिथि

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्य अतिथि के रूप में बंगाल की खाड़ी बहू क्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के महासचिव एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय शामिल होंगे। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि एंबेसडर इंदमणि पांडेय ने काहिरा (मिस्र), दमिश्क (सीरिया), इस्लामाबाद (पाकिस्तान), काबुल (अफ़गानिस्तान) में भारतीय मिशन, जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में निरस्त्रीकरण सम्मेलन, भारत के स्थायी मिशन में विभिन्न राजनयिक पदों पर काम किया है। उन्होंने पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका डिवीजन कॉन्सुलर, पासपोर्ट और वीजा डिवीजन काउंटर टेररिज़्म सेल, अमेरिका डिवीजन और बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव और म्यांमार में जिम्मेदारी संभालीं है। (ब्यूरो)

# The Indian Express 05/07/2026



## CSA Plants 1,000 Saplings Under 'Ek Ped Maa Ke Naam' Campaign

Chandra Shekhar Azad University of Agriculture and Technology (CSA) planted around 1,000 saplings across six locations on its campus under the "Ek Ped Maa Ke Naam" campaign as part of the Amrit Harit Mahabhiyan. Vice-Chancellor Dr. Sanjeev Gupta, along with university officials, staff, and students, participated in the plantation drive, with students being entrusted with the responsibility of nurturing and conserving the saplings. Addressing the gathering, Dr. Gupta said the campaign promotes both environmental conservation and an emotional connection with nature, emphasizing that tree plantation is essential to combat global warming and safeguard future generations.

# दैनिक जागरण 05/07/2026



# सीएसए के छात्रावास में अब सप्ताह में दो दिन मिलेगी मिलेट्स की रोटी

- नए सत्र से विद्यार्थियों के लिए पौष्टिक भोजन पर जोर
- मेस में लगाई जाएंगी आटोमेटिक रोटी मशीनें
- राज्यपाल की पहल पर विश्वविद्यालय ने शुरू की तैयारी



चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय • सौजन्य

जागरण संवाददाता, कानपुर : चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) ने छात्र-छात्राओं को पौष्टिक एवं संतुलित भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नए शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों में सप्ताह में दो दिन मिलेट्स (मोटे अनाज) से बनी रोटियां परोसी जाएंगी। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय परिसर में हाल ही में स्थापित मिलेट्स प्रसंस्करण केंद्र में तैयार होने वाला आटा छात्रावासों के मेस संचालकों को उपलब्ध कराया जाएगा।

मिलेट्स की रोटियां बड़े स्तर पर आसानी से तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय पांच आधुनिक आटोमेटिक रोटी बनाने की मशीनें भी खरीद रहा है। इन मशीनों के माध्यम से छात्रावासों में एक समान गुणवत्ता और स्वच्छता के साथ रोटियां तैयार की जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि मोटे अनाज में फाइबर, प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम और अन्य पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं जो विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी हैं। इससे न केवल खानपान की गुणवत्ता सुधरेगी, बल्कि विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। गौरतलब है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालयों और छात्रावासों में विद्यार्थियों के भोजन में मिलेट्स को शामिल करने पर विशेष जोर दिया था। उनके निर्देशों के बाद सीएसए प्रशासन ने इस पहल को अमल में लाने की तैयारी तेज कर दी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों का कहना है कि मिलेट्स आधारित अन्य खाद्य पदार्थों को भी मेस के मेन्यू में शामिल करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

## सीएसए के दीक्षा समारोह में मुख्य अतिथि होंगे इंद्रमणि पांडेय

**विश्वविद्यालय** प्रशासन ने अपने अट्ठाईसवें दीक्षा समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने समारोह के मुख्य अतिथि के नाम को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसकी जानकारी कुलाधिपति सचिवालय से प्राप्त पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को दी गई।



इंद्रमणि पांडेय • सौजन्य

कुलाधिपति सचिवालय के विशेष कार्याधिकारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, विश्वविद्यालय का अट्ठाइसवां दीक्षा समारोह 10 जुलाई (शुक्रवार) को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में बंगाल की खाड़ी बहु क्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के महासचिव एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. संजीव गुप्ता ने कहा कि यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय ने काहिरा (मिस्र), दमिश्क (सीरिया), इस्लामाबाद (पाकिस्तान), काबुल (अफगानिस्तान) में भारतीय मिशनों और जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में निरस्त्रीकरण सम्मेलन में भारत के स्थायी मिशन में विभिन्न राजनयिक पदों पर भी काम किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय में अपने अलग-अलग कार्यकाल के दौरान, राजदूत पांडे ने पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका डिवीजन; कांसुलर, पासपोर्ट और वीजा डिवीजन, काउंटर टेररिज्म सेल, अमेरिका डिवीजन; और बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव और म्यांमार (बीएसएमएम) डिवीजन में जिम्मेदारियां संभालीं।

हिंदुस्तान 05/07/2026

# बिम्सटेक के महासचिव इंद्रमणि होंगे मुख्य अतिथि



कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां जारी हैं। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने समारोह के मुख्य अतिथि के नाम को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्य अतिथि बंगाल की खाड़ी बहु क्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग पहला (बिम्सटेक) के महासचिव एंबेसडर इंद्रमणि पांडे होंगे। कुलाधिपति सचिवालय के विशेष कार्याधिकारी के जारी पत्र के अनुसार, विश्वविद्यालय का 28वां दीक्षांत समारोह 10 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को अपराह्न 02 बजे होगा।

VPL
वर्ष 11 अंक 266
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, रविवार
5 जुलाई 2026
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

# सीएसए का दीक्षांत समारोह: 10 जुलाई को होगा आयोजन, होंगे मुख्य अतिथि एंबेसेडर इंद्रमणि पांडेय

नेशनल एक्सप्रेस

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अट्ठाईसवें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने समारोह के मुख्य अतिथि के नाम को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसकी जानकारी कुलाधिपति सचिवालय से प्राप्त पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को दी गई।

कुलाधिपति सचिवालय के विशेष कार्याधिकारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, विश्वविद्यालय का अट्ठाइसवा दीक्षांत समारोह 10 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को अपराह्न 2 बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में बंगाल की खाड़ी बहू क्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग पहला (बिम्सटेक) के महासचिव एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने कहा कि यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि

एंबेसेडर पांडे ने काहिरा (मिस्र), दमिश्क (सीरिया), इस्लामाबाद (पाकिस्तान), काबुल (अफ़गानिस्तान) में भारतीय



मिशनों और जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में निरस्त्रीकरण सम्मेलन में भारत के स्थायी मिशन में विभिन्न राजनयिक पदों पर भी काम किया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय में अपने अलग-अलग कार्यकाल के दौरान, राजदूत पांडे ने पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका डिवीज़न; कॉन्सुलर, पासपोर्ट और वीज़ा डिवीज़न; काउंटर टेररिज़्म सेल; अमेरिका डिवीज़न; और बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव और म्यांमार (BSM) डिवीज़न में ज़म्मिदारियाँ संभालीं।कुलपति ने कहा कि एम्बेसडर पाण्डेय का अनुभव और मार्गदर्शन विद्यार्थियों को शोध, नवाचार तथा राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समारोह विद्यार्थियों के लिए यादगार और प्रेरणादायक साबित होगा।